# <u>रक्तदान शिविर में विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने दिखाया जोश</u>

पंतनगर, 17 मई 2025। भारतीय सैनिकों के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को समर्पित एक रक्तदान शिविर का आयोजन आज प्रातः पंतनगर विश्वविद्यालय चिकित्सालय में किया गया। इस शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कुलपति जी द्वारा हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के परिप्रेक्ष्य में भारतीय सेना को हर एक प्रकार से सहयोग करने और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थियों द्वारा किया जा रहा रक्तदान सेना की एक सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक सामाजिक कार्य है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों को भाग लेना चाहिए। यह न केवल किसी ज़िंदगी को बचा सकता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है।

कार्यक्रम का आयोजन कुलपति के प्रेरणा से हुआ और जिसका संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना, बरेली सैनिक अस्पताल की डा. दीपिका गुलाटी एवं आईएमए की डा. पारुल तथा विश्वविद्यालय चिकित्सालय के प्रभारी डा. प्रभाकरण एवं चिकित्सा अधिकारी डा. दुर्गेश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनसीसी के कर्नल शोमिर भटनागर, डा. ए.पी. सिंह, डा. सुधीर कुमार, डा. राजीव रंजन कुमार, डा. श्वेता राय एवं विश्वविद्यालय चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक एवं सहयोगी कर्मी उपस्थित रह कर पूरे मनोयोग से रक्तदान में सहयोग किया। शिविर में विश्वविद्यालय के 150 छात्र–छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने रक्तदान किया।